## सार-समाचार

### महिला से छेड़छाड़

**जोधपुर ।** निजी गैस एजेंसी सप्लाई में लगे एक हॉकर ने घर में घुस कर महिला से छेडछाड कर अशील हरकतें की। पीडिता ने खांडाफलसा थाने में मामला दर्ज करवाया है। आरोपी की गिरफ्तारी अभी नहीं हुई है। खांडाफलसा पुलिस ने बताया कि एक पीडिता ने रिपोर्ट दी कि वह जालोरी गेट के अंदर रहती है। बुधवार को उसके घर पर गैस एजेंसी का हॉकर सिलेण्डर लेकर आया। बाद में उसने छेडछाड की और अश्लील हरकतें कर लज्जा भंग की। पुलिस ने बताया कि आरोपी रमेश विश्नोई को नामजद कर जांच की जा रही है। महिला की रिपोर्ट पर लज्जा भंग का केस बनाया गया है।

### अफीम दूध के साथ युवक पकड़ा

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की डांगियावास पुलिस ने एक युवक को पकड उसके पास से एक किलो से ज्यादा अफीम का दूध बरामद किया है। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया है । थानाधिकारी राजेंद्र सिंह बावरला गांव में गश्त पर थे। तब एक संदिग्ध युवक नजर आने पर उसके पास तलाशी लिए जाने पर पास में 1.092 ठााम अवैध अफीम का दूध का मिला। इस पर आरोपी बावरला निवासी बुधाराम पुत्र कालूराम विश्नोई को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया।

### व्यवस्थाएँ जांची

**जालोर ।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरूवार को जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय सावित्री बाई फुले महाविद्यालय स्तरीय कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाएँ जांची। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने छात्राओं से वार्ता कर उनकी दिनचर्या, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल व्यवस्था व मेडिकल सुविधा इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्राओं से परिचय लेते हुए करियर के प्रति सजग रहने की बात कहते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी, छात्रावास अधीक्षक सहित आवासरत बालिकाएँ उपस्थित रही।

### 2 शिक्षकों का होगा सम्मान

**जालोर,।** महान शिक्षाविद् भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस 5 सितम्बर, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे जिला परिषद सभागार जालोर में जिला स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। मुख्य जिला शिक्षाधिकारी मुनेश कुमार मीना ने बताया कि हर वर्ष की भांति 5 सितम्बर, शुक्रवार को शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का जिला व राज्य स्तर पर सम्मान किया जायेगा। इस वर्ष जिला स्तर पर कक्षा वर्ग 1-5 में राउमावि सेसावा, चितलवाना के अध्यापक उदाराम खिलेरी व कक्षा वर्ग 9-12 में राउमावि जालोर के व्याख्याता प्रियंका शर्मा को साफा, शॉल व 11 हजार रूपये की राशि का चैक प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

### डोडियाली बने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

**जालोर, ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से गजेन्द्रसिंह डोडियाली को आहोर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के पश्चात् उनके निवास स्थान पर जाकर कार्यकर्ताओ ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर कमलेश बागरेचा हरियाली, गलबा राम उम्मेदपुर, ललित मोदी, मानसिंह दयालपुरा, उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि गजेन्द्रसिंह डोडियाली के नेतृत्व में आहोर ब्लॉक कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा आमजन की समस्याओं को पार्टी स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा। गजेन्द्रसिंह डोडियाली ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे कांग्रेस पार्टी की नीतियों व विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करेंगे।

### बाबा रामदेव के चढाए नेजा

**रेवदर,।** भटाना कस्बे के भील वास एवं मेघवाल वास से बाबा रामदेव के लिए नेजा चढाई गई। कस्बे के चारों तरफ रैली निकालकर बाबा रामदेव का वार्षिक मेला मनाया गया कस्बे के अलग अलग रैली निकाली गई सर्वप्रथम भीलों में डीजे बाजे के साथ कस्बे में बाबा रामदेव के जयकारों के साथ नेजा को लेकर वरघोडा निकाला गया। पुलिस चौकी प्रभारी गणेशा राम ने बताया कि दोनों जातियों के द्वारा अलग अलग बाबा रामदेव के नेजा को लेकर रैली निकाली गई। रैली में शांति पूर्ण आयोजन किया गया। पुलिस टीम रैली के साथ रहा। उस समय समस्त पुलिस टीम चौकी प्रभारी गणेशा राम, कास्टेबल रोहिताश, सोहन लाल, गीता राम सहित समस्त जाति के लोग मौजूद रहे।

### महिलाओं को मिली सुरक्षा संबंधी जानकारी

**जालोर ।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार एडवोकेट संजुबाना खोखर एवं आशा कंवर ने गेरुवार को ऊपरकोटा, खानपुरा वास में महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को 112 नंबर हेल्पलाइन, वन स्टॉप सखी सेंटर, पोक्सो-एक्ट सहित महिला सुरक्षा से जुडे कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही महिला पुलिस थाने की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि संकट की स्थिति में किस प्रकार वे तुरंत मदद प्राप्त कर सकती है।

### विश्व साक्षरता दिवस 8 को

**जालोर, ।** जिले में स्वीप गतिविधि के तहत 8 सितम्बर, विश्व साक्षरता दिवस पर स्कूल ईएलसी गतिविधि के तहत "देश में मतदाता साक्षरता और जागरूकता क्यों जरूरी है" शीर्षक पर राजकीय व निजी माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजन किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अतिरिक्त जिला कलक्टर जालोर ने बताया कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विश्व साक्षरता दिवस पर "देश में मतदाता साक्षरता और जागरूकता क्यों जरूरी है" शीर्षक पर जिले के समस्त राजकीय एवं निजी माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों/भावी मतदाताओं को राष्ट्र में मतदाता साक्षरता और जागरूकता के महत्व के बारे में जागरूक किया जायेगा साथ ही उन्हें उनके वोट देने के संवैधानिक अधिकार का नैतिक उपयोग करने एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को उपलब्ध कराई गई डिजिटल सुविधाओं यथा-वीएचए एप, सक्षम एप, केवाईसी एप, सी-विजिल एप इत्यादि के बारे में जागरूक किया जायेगा। इस दिवस को विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान मताधिकार, मतदाता पंजीकरण, मतदान हर नागरिक का कर्तव्य : नैतिक मतदान का महत्व इत्यादि के बारे में जागरूक कर विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलवाई जाएगी। उन्होंने जिले के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विश्व साक्षरता दिवस पर जिले के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन सुनिश्चित करें।

### अपराधिक गतिविधियों पर लगाये अंकुश

**रेवदर , (निसं)।** विधायक मोतीराम कोली ने विधानसभा के चतुर्थ सत्र के दौरान स्थगन प्रस्ताव के जरीए रेवदर विधानसभा क्षेत्र में बढ रही अपराधिक गतिविधियों से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में सरकार का ध्यान आकर्षित करवाते हुए अंकुश लगाने की मांग की। विधायक मोतीराम कोली ने स्थगन प्रस्ताव के जरीए सरकार को अवगत करवाया कि रेवदर विधानसभा क्षेत्र जो कि गुजरात सीमा से सटा हुआ है और माउन्ट आबू जैसा पर्यटन क्षेत्र, अम्बाजी, सुन्धामाता, जीरावला जैन तीर्थ, पावापुरी जैन तीर्थ, 72 जीनालय जैन तीर्थ जैसा धार्मिक क्षेत्र होने के कारण प्रतिदिन हजारों पर्यटकों, धर्मप्रेमियों का आवागमन रहता है। इन स्थानों पर आने-जाने के लिए जो सडक मार्ग है वो इन दिनों बहुत ही डरावना बना हुआ है। दिन दहाडे पत्थरबाजी करने, झगडे फसाद करने से क्षेत्र में भय का माहौल है। विधायक कोली ने वर्तमान परिस्थितियों से अवगत करवाते हुए बताया कि शाम 7 बजे बाद इन प्रमुख राजमार्गो पर लोग आने-जाने से डरे हुए है। पहले तो ये डर इन सडक मार्गो पर था लेकिन गत दिनों में ये परिस्थितियां आबूरोड शहर में भी बनी हुई है। विधायक ने पुलिस की जवाबदेही पर सवाल खडे करते हुए कहा कि आमजनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने पर वाली पुलिस विभाग की शिथिलता आमजनता में असंतोष बना रही है। गत दिनों आबूरोड शहर के बीचो-बीच साई बाबा मन्दिर, रेलवे स्टेशन जैसी जगहों पर रात के समय बाईक पर कुछ असामाजिक तत्वों में मारपीट कर लूट का प्रयास किया। उससे कुछ दिन पूर्व माउन्ट आबू में पर्यटकों के साथ ऐसी घटना हुई जिसमें मृत्यु भी हुई।

# मूक बधिर महिला की संदिग्ध हालात में मौत

■ ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप

**जोधपुर, (कासं)।** सांचोर की रहने वाली मूक बधिर महिला की शादी डेढ़ साल पहले मूक बधिर व्यक्ति से हुई थी। डेढ़ साल से बच्चा नहीं होने पर यहां जोधपुर में वह अपनी ननद के पास में इलाज के लिए आई। निजी चिकित्सालय में इनफरलिटी इलाज चल रहा था। दो दिन पहले उसकी अचानक से तबीयत बिगडऩे पर एक अन्य निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। मृतका के पिता ने बेटी को दहेज के प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए भगत की कोठी थाने में रिपोर्ट दी। मृतका का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है। अठिाम अनुसंधान एसीपी पश्चिम छवि शर्मा की तरफ से जारी है। भगत की कोठी थानाधिकारी राजीव भादू ने बताया कि मूलतः सांचोर जिले के राजीव नगर केरवी निवासी शैतानराम की पुत्री 25 वर्षीय संगीता की शादी पाली के रोहिट क्षेत्र में हो रखी थी। वह मूक बधिर होने से उसकी शादी भी मूक बधिर से हुई थी। मगर उसके कोई संतान नहीं होने पर उसके इलाज के लिए वह 15-20 दिन पहले अपनी ननद करणी नगर भगत की कोठी आई थी। उसका यहां जोधपुर में बच्चा नहीं होने पर इलाज चल रहा था। दो दिन पहले उसकी अचानक से तबीयत बिगड गई। इस पर ननद और उसके परिवार के लोग सरस्वती नगर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गए। जहां हालत क्रिटिकल बताने पर उसे तत्कान बासनी स्थित एक अन्य निजी अस्पताल ले जाया गया। मगर यहां पहुंचने पर उसे डॉक्टर ने चेक कर मृत बता दिया।

थानाधिकारी राजीव भादू ने बताया कि मृतका संगीता के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा परिजन को सुपुर्द किया गया है। वहीं उसके पिता का आरोप है कि उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने के साथ ससुराल वाले मिलने जुलने नहीं देते थे। मामले में अब अग्रिम जांच एसीपी पश्चिम छवि शर्मा की तरफ से की जा रही है।

## रेवदर में रोडवेज सेवा चरमराई

**रेवदर, (निसं)।** रेवदर उपखंड मुख्यालय के एकमात्र रोडवेज बस स्टैंड की बुकिंग खिडकी बीते छह दिनों में बंद पडी है। साथ ही बसों की भारी कमी के चलते सिरोंही, आबूरोड समेत आमदाबाद सूरत और मुंबई जैसे शहरों की ओर जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड रही है। यात्रियों का कहना है कि पहले जहां रेवदर से 7० से ज्यादा बसे रेवदर से अन्य शहरों में जा रही थी पर अब प्रवासी, मजदूरों सहित अन्य लंबी दूरी जाने वाले यात्रियों पर किराए की दोहरी मार पड रही है ।बसें नहीं, किराया दोगुना अहमदाबाद, पुणे जयपुर सहित दिल्ली जैसे शहरों में जाने वाले यात्रियों को समय पर सुविधा नहीं मिल पा रही वे परेशान व हताश होकर निजी वाहनों का सहारा लेकर अपनी यात्रा करते हैं । पहले जहां रेवदर से करीब 70० बसे संचालित होती थे, अब महज 7-8 बसे ही चल रही है।

## सार-समाचार

### 'मोबाइल का उपयोग जरुरत पड़ने पर करें'

**गुडामालानी ।** गुडामालानी नगरपालिका के निकटतम ग्राम पंचायत आलपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुडामालानी तहसीलदार ईश्वर सोलंकी, मुख्य वक्ता बाडमेर पीजी कॉलेज की प्रोफेसर पांचाराम चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि मोहनलाल गोदारा, प्रधानाचार्य श्रीराम गोदारा, पंचायत समिति सदस्य शैतान सिंह राठौड, एसएमसी अध्यक्ष राजु सिंह राठौड, जीएसएस अध्यक्ष सबल सिंह राठौड के सानिध्य में हुआ । शिक्षक दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर पांचाराम चौधरी ने विद्यालय के बालक बालिकाओं को पढने के गुण बताते हुए कहा कि शिक्षा के बिना मानव का जीवन अधुरा है । शिक्षा के कारण आज हम हर इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का उपयोग सरलता से कर सकते हैं । आज हर इंसान के पास मोबाइल है इसलिए मोबाइल का उपयोग जरुरत पडने पर करें अन्यथा नहीं करने की बात कही । तहसीलदार सोलंकी ने बताया की विद्यालय में समय और अनुशासन रखकर अपने गुरुजनों सम्मान करें । जिससे संस्कार के साथ शिक्षा में भी बढावा होंगा। प्रधानाचार्य ने बताया की विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा । बहुत सारे बच्चों के 100 में से 100 नंबर लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया । अंत में वरिष्ठ व्याख्याता सुखदेव परमार ने सभी आगंतुकों का स्वागत और अभिनंदन किया । कार्यक्रम का मंच संचालन आसुराम चौधरी ने किया । भारत विकास परिषद अध्यक्ष रमेश चौधरी और भारत विकास परिषद के सचिव महेंद्र जी पुरोहित, विद्यालय के स्टाफ दलपत सिंह पुरोहित, व्याख्याता प्रियदर्शी वरिष्ठ अध्यापक रतनलाल प्रजापत, वरिष्ठ अध्यापक मनोज, अध्यापक बाबूलाल ढाका, अध्यापक सतीश शर्मा, अध्यापक अर्जुन बिश्नोई, जसराज चौधरी, सुखराम बिश्नोई सभी स्टाफ सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

### नदी में गिरे व्यक्ति की मृत्यु

छबड़ा। कवाई निवासी ० मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रदर्शन किया जोधपुर । जोधपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के कार्यालय पर चेतना युवा मंडल संगठन के नेतृत्व में पाल, चौखा, बोरानाडा, गंगाणा के लोगों ने मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रदर्शन किया। लोगों सड़क, सीवरेज, रोड लाईट, बिजली, पानी की सुविधा ठीक नहीं होने का आरोप लगाते हुए इन्हें ठीक से उपलब्ध कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जे.डी.ए. के अस्तित्व में आने से लेकर आज तक इन क्षेत्रों से करोड़ों रुपए जनरेट किये गये है। उन पैसों को पॉश कॉलोनियों मे खर्च किया गया है। लेकिन उनके क्षेत्र में कुछ नही किया गया। जहां सीवरेज का गन्दा पानी भरा है। सड़कें टूटी हुई हैं, रोड़ लाईट नही है, पानी उपलब्ध नहीं है।

## रक्तदान शिविर आज

**जालोर ।** हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के 1500 वे जन्मदिन पर ईद मिलादुन्नबी पर 5 सितंबर को हर साल की तरह इस साल भी जालोर मुस्लिम समाज की ओर से जालोर शहर के शाही जामा मस्जिद में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जालोर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर दरगाह गैबनशाह गाजी से प्रात नौ बजे जुलूस निकाला जायेगा। जिसमें आमदा ए रसूल की शान में मोमिन जुलूस में अमन और चैन व भाईचारा का संदेश देगे । वही जुलूस का विभिन्न जगह स्वागत किया जायेगा। इसके बाद जामा मस्जिद में ईद मिलादुन्नबी के पर्व पर मिलाद शरीफ का आयोजन किया जायेगा। वही मेहबूब मुल्तानी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। वही गत शिविर में 76 यूनिट रक्तदान हुआ था, इस मोहम्मद (स.अ.व) 1500 पूरे होने की खुशी पर इस मुबारक मौके अब की बार सौ यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

# पीर गंगानाथ महाराज की शोभायात्रा आज

■ पीर गंगा नाथ महाराज ने सिरे मंदिर धाम पर चातुर्मास के दौरान पीर गंगा नाथ महाराज की 50 दिन तक भक्ति में लीन रहकर आराधना की

**जालोर ।** जालोर शहर के कणियागिरी स्थित सिरे मंदिर धाम के पीर गंगानाथ जी महाराज चातुर्मास सम्पन्न कर 5 सितंबर को प्रातः 8.30 बजे सिरे मंदिर धाम से भैरूनाथ अखाडे के लिए गाजो बाजो के साथ रवाना होंगे।

चातुर्मास सेवा समिति के व्यवस्थापक पारसमल परमार ने बताया कि पीर गंगा नाथ महाराज सिरे मंदिर धाम से अपना चातुर्मास पूर्ण कर विशाल शोभायात्रा के साथ भेरुनाथ अखाडा के लिए अपने भक्तों के साथ प्रस्थान करेंगे । पीर गंगा नाथ महाराज ने 17 जुलाई से सिरे मंदिर धाम पर चातुर्मास के दौरान पीर गंगा नाथ महाराज में 50 दिन तक भक्ति में लीन रहकर आराधना की। वही चातुर्मास के दौरान भक्तों की रेलमपेल लगी रही। सिरे मंदिर धाम पर पीर गंगा नाथ महाराज के चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन भक्तों की भीड नजर आई । वही वहां पर भक्तों ने भैरव गुफा में भगवान शिव, ब्रह्मलीन पीर शांतिनाथजी महाराज सहित अन्य के दर्शन कर पीर गंगानाथ महाराज से आशीर्वाद लिया।

पीर गंगानाथ महाराज सिरे मंदिर से चार्तुमास पूर्ण कर शोभायात्रा के साथ भैरूनाथ अखाडा पहुंचेगे। पीर गंगानाथ महाराज के चार्तुमास पूर्ण कर जालोर आगमन को लेकर तैयारियो पूर्ण कर ली है। पीरजी महाराज के आगमन के दौरान भक्तो की भीड को देखते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर कमेटियों का गठन किया गया। कमेटी के सदस्यो को निर्देशित किया गया कि पीरजी महाराज के आगमन कार्यक्रम में आने वाले भक्तो को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसकी पूर्ण तैयारियां की जाये। पीर गंगानाथ महाराज के चार्तुमास पूर्ण कर जालोर आगमन को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा मे हाथी, घोडे, उॅट विभिन्न रथ व बैड बाजो व ढोल ढमाको की थाप के साथ पीरजी महाराज सिरे मंदिर से भैरुनाथ अखाडे के लिए 5 सितम्बर को प्रातः 8 बजे प्रस्थान करेगे। कार्यक्रम के पश्चात जलधंरनाथ धर्मशाला में भोजन प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। पीरजी महाराज के चार्तुमास पूर्ण कर जालोर आगमन को लेकर भक्तो में उत्साह देखा जा रहा है।

## पांच हजार के इनामी अपराधी को पकड़ा

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की कुड़ी भगतासनी पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में 28 माह से फरार चल रहे एक अपराधी को अब गिरफ्तार किया है। आरोपी के फरारी के चलते उस पर पांच हजार का इनामी घोषित किया गया था। मामले में जांच कुडी थानाधिकारी हमीरसिंह की तरफ से की जा रही थी और प्रकरण विवेक विहार थाने में दर्ज हो रखा था। पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश व पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम विनीत कुमार बंसल एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रोशन मीना के निर्देशानुसार और सहायक पुलिस आयुक्त वृत्त बोरानाडा, आनंदसिह राजपुरोहित के सुपरविजन में कुडी भगतासनी थानाधिकारी हमीर सिंह मय टीम ने 28 महिनों से फरार चल रहे मादक पदार्थ तस्कर फलोदी के लोहावट थानान्तर्गत दीपावत नगर खानू की टंकी फतेह सागर पीलवा हाल कुडी भगतासनी निवासी चंद्रभान उर्फ पिंटू विश्नोई को पकडा गया। मामले के अनुसार 21 अप्रेल 2023 को विवेक विहार थाना पुलिस ने गश्त में कोसाना पीपाड़शहर हाल रामेश्वर नगर निवासी रामनारायण को को स्कूटी पर दो किलो गांजे के साथ पकडा था।


**कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.)345001**

क्रमांक/भूमि/2025-26 /1451 दिनांक :- 04/09/2025

-: प्रसारित नोटिस उजरदारी :-

श्री हीरालाल खत्री पुत्र श्री मोतीलाल जाति खत्री निवासी आनंदपुरा, ग्राम रामगढ तहसील रामगढ जिला जैसलमेर द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या डी - 99 साईज 30 x 60 = 1800 वर्गफीट वाके जवाहरलाल नेहरु आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्री शैतानसिंह रावलोत पुत्र श्री तेजसिंह जाति राजपुत निवासी 83, खेतसिंह का पाड़ा, ग्राम सत्तो तहसील फतेहगढ जिला जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से क्रय किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री हीरालाल खत्री पुत्र श्री मोतीलाल जाति खत्री निवासी आनंदपुरा, ग्राम रामगढ तहसील रामगढ जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है । अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर एतेराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी । सूचित रहे ।

आयुक्त,
नगर परिषद् जैसलमेर



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

पत्र सं.- 92-EL/TRD/JU/TEND/09&10 दिनांक: 04.09.2025

डी.आर.एम./कर्षण वितरण, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आंमत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय :** 29.09.2025 को 15.00 बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय :** 29.09.2025 को 15.00 बजे के बाद **निविदा संख्या :** 09-TRD-JU-ETENDER-25-26 **कार्य का नाम :** Electrical TRD Work in connection with (i) removal of PSR at Curve no.14, 20 & 27 at MTD-BKN section of JU Division. (ii) provision of CTR 74.659 TkM in MTD-BKN section of JU Division. **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) :** ₹ 22294573.50 **निविदा संख्या :** 10-TRD-JU-ETENDER-25-26 **कार्य का नाम :** Electrical TRD Work in connection with Upgradation/Development of maintenance facilities for other rolling stocks(LHB/ICF/DEMU/MEMU/EMU). **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) :** ₹ 5070079.00 **विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें ।**

**1118-CR/25**

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें


# गुडामालानी में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित

■ पूरी सरकारी नौकरी एक ही विधानसभा में कर उसी जगह सेवानिवृत्त होना सरकारी कर्मचारी के लिए खुशी की बात क्या होगी

**गुडामालानी, (निसं)।** गुडामालानी महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम विद्यालय परिसर में सेवानिवृत्त अध्यापिका मोक्ष सुधा जोशी को विद्यालय के स्टाफ द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास के साथ विदाई दी ।

कार्यक्रम राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड, राणा कुलदीप सिंह राठौड, शिक्षा विभाग अधिकारी ओमप्रकाश कडवासरा, पीईओ मोहन लाल विश्नोई, भंवर शक्ति सिंह राठौड, व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन, सरपंच जवानाराम चौधरी, रमेशलाल जोशी, पंचायत समिति सदस्य कांति लाल सोनी, जबर सिंह राठौड, अध्यक्ष मानाराम विश्नोई के सानिध्य में आयोजित हुआ । सेवानिवृत होने वाली अध्यापिका मोक्ष सुधा जोशी ने शिक्षा विभाग में 39 साल अपनी सेवाएं दी । मोक्ष सुधा जोशी अध्यापिका लगने के बाद पहली पोस्टिंग धोरीमन्ना में हुई । डेढ साल बाद स्थानांतरण गुडामालानी में होने के बाद गुडामालानी में ही सेवानिवृत्त हुई । पूरी सरकारी नौकरी एक ही विधानसभा में कर उसी जगह सेवानिवृत्त होना सरकारी कर्मचारी के लिए खुशी की बात क्या होगी । सेवानिवृत्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड एवं राणा कुलदीप सिंह राठौड ने कहा कि सरकारी नौकरी करने वाले कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्त एक अनोखा पल होता है । सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की होती है। लेकिन साधारण इंसान के लिए भी सेवानिवृत्त पल आते है पर भागदौड भरी जिंदगी में वो इस पल को याद भी नहीं कर पाता है कि अब मैं सेवानिवृत्त हो चुका हूं । इसलिए जीवन में अच्छे काम करें जिससे आने वाली पीढी याद करें । मोक्ष सुधा जोशी व उनके पति रमेश लाल जोशी ने कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों तथा विद्यालय स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम का मंच संचालन बंशीलाल पुरोहित के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में शिवदयाल दवे, पारसमल जैन, एसएमसी अध्यक्ष भरत जैन, मदनलाल मालू, चंपालाल वर्मा, प्रधानाचार्य वेहनाराम सोनगरा, अचलाराम बोस, शंकरलाल सखलेशा, निखिल व्यास बाडमेर, डां रोहित जोशी बाडमेर, गणपत लाल आचार्य, पांचाराम विश्नोई, हेमराज खत्री, छगनलाल सुथार, जफर खान कोटवाल मुकेश कुमार श्रीमाली सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से वार्ता संपन्न

**जालोर, (कासं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला जालोर एवं सांचौर के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल द्वारा संभाग संयुक्त मंत्री दीप सिंह देवल, महिला संभाग संयुक्त मंत्रा रेखा राठौड एवं विभाग संगठन मंत्री मुकेश कुमार जोशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक भंवरलाल परमार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मुनेश कुमार कुमार मीना, एडीपीसी मनोहर लाल गोदारा तथा लहरी राम माली से शैक्षिक समस्याओं पर वार्ता की गई।

जिला मंत्री कपूर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि वार्ता के दौरान जिले के सभी ब्लॉक में खेल प्रभारी नियुक्त करने, सभी ब्लॉक में संदर्भ कक्ष के रिक्त पद पर विशेष शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने, प्रशिक्षण के लिए एमटी बार बार एक ही कार्मिक को नहीं लगाकर इच्छित अन्य कार्मिकों को मौका देने, बोर्ड द्वारा जांच उपरांत सही पाए गए रीट प्रमाणपत्र हेतु डीईओ में प्रस्ताव लेकर स्थाईकरण करने, ग्रीष्मकालीन अवकाश वेतन प्रकरण का शीघ्र निस्तारण कर आदेश जारी करने, विद्यालय में रिक्त पदों पर शिक्षण व्यवस्था करने एवं एनपीएस की राशि माह नवम्बर 21 से फरवरी 22 तक रिकार्ड में संधारण सहित अन्य लंबित शैक्षिक समस्याओं पर वार्ता की गई।सभी अधिकारियों ने सकारात्मक रुख के साथ समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की बात कही।

वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष जालोर हीर सिंह राठौड, जिलध्यक्ष सांचौर हरिकिशन चौधरी, जिला संगठन मंत्री शैतान सिंह राजपुरोहित, जिला संरक्षक नारायण सिंह राठौड, जिला सह संगठन मंत्री नरेंद्र कुमार बोहरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाबू पुरी गोस्वामी, जिला मंत्री सांचौर धर्मदान चारण, कोषाध्यक्ष नाथा राम भाटी, हडमता राम गर्ग, रघुवीर सिंह, कमलेश सुथार, सांवलाराम चौधरी, करण सिंह सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

# देवासी समाज की समंदर हिलोरने की रस्म

**जालौर, (कासं)।** जालोर शहर के निकट जालंधर नाथ नगर में देवासी समाज की ओर से समंदर हिलोरने की परंपरागत रस्म धूमधाम से आयोजित हुई। समाज की प्राचीन परंपरा के अनुसार इस मौके पर भाई-बहन तालाब पर पहुंचकर एक-दूसरे को पानी पिलाते हैं और परिवार की खुशहाली व समाज की एकजुटता की कामना करते हैं। कार्यक्रम को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। घर-घर से महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनकर सजी-धजी तालाब की ओर रवाना हुईं। कई महिलाएं सिर पर सजावटी मटकी लेकर पहुंचीं। तालाब किनारे वातावरण पूरी तरह धार्मिक और उत्साहपूर्ण रहा। करीब 60 परिवारों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने रस्म को पूरी आस्था और उल्लास के साथ निभाया। समाज के बुजुर्गों ने युवाओं को इस परंपरा का महत्व बताते हुए कहा कि समंदर हिलोरने की रस्म भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने और समाज में आपसी एकजुटता बढाने का प्रतीक है।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, रानी स्टेशन जिला-पाली (राज.)**

Tel. No:- 02934-222086 E-mail:- kums.rani@rajasthan.gov.in

क्रमांक : 738-55 दिनांक : 03.09.2025

**आवंटन विज्ञप्ति**

कृषि उपज मण्डी समिति के मुख्य प्रांगण रानी स्टेशन एवं गौण मण्डी प्रांगण, खिंवाडा रिक्त दुकानों एवं भूखण्डों का अचल सम्पति आवंटन नीति 2005 तथा समय समय पर जारी संशोधनों के अन्तर्गत द्वितीय एवं पश्चात्वर्ती चरण में 99 वर्षीय लीज पद्धति पर आवंटन किये जाने हेतु राजस्थान राज्य की समस्त मण्डी समितियों के अनुज्ञापत्रधारी व्यापारियों "क"वर्ग दलाल/संयुक्त श्रेणी व्यापारी वर्ग एवं मण्डी क्षेत्र की अनुज्ञापत्रधारी तेल मिल व अन्य कृषि प्रसंस्करण इकाईयों, कृषक उत्पादक संगठन/कम्पनी जिन्हें मण्डी समिति द्वारा सीधी खरीद के अनुज्ञापत्र दिये हुए है एवं जैविक खेती करते हो तथा मण्डी क्षेत्र रानी स्टेशन, जिला-पाली में स्थाई रूप से निवास करने वाले कृषक जो राजस्व अभिलेख में आवंटन विज्ञप्ति दिनांक से कम से कम दो वित्तिय वर्ष पूर्व से स्वयं के नाम से मण्डी क्षेत्र रानी स्टेशन, में अवस्थित न्यूनतम एक बीघा भूमि धारण करता हो अथवा जिनकी राजस्व रिकार्ड में संयुक्त खातेधारी (पुरूष/महिला) की भूमि हो तथा वे वास्तविक रूप से उस भूमि पर तत्समय पर कृषि कार्य करता हो एवं जमा बन्दी के साथ गिरदावरी के संबंध में अभिलेख प्रस्तुत करता हो, जैविक खैती के उत्पादक कृषक से आवेदन पत्र तथा सहायक कृषि आदानों व कृषि संबंधित हेतु फुटकर दुकान निर्माण के लिए चिन्हित/रिक्त भूखण्डों का आंवटन किये जाने हेतु मण्डी क्षेत्र के समस्त हितबद्ध, आवंटन के इच्छुक व योग्य व्यक्ति/फर्म/संस्थाओं/कृषकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवंटन योग्य रिक्त भूखण्डों का विवरण निम्न प्रकार है :-

**अधिसुचित कृषि जिन्सों के व्यवसाय हेतु रिक्त दुकान व भूखण्डों का विवरण:-**

1. मुख्य मण्डी प्रांगण, रानी स्टेशन

| क्र. सं. | ब्लॉक संख्या | साईज | संख्या | रिक्त दुकान मय गोदाम नं. व भूखण्ड नं. | आरक्षण का विवरण | | | | | अनुज्ञापत्रधारी व्यवसाईयों हेतु | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | सामान्य कृषक | अनु. जाति कृषक | कृषि प्रसंस्करणकर्ता व तेल मिल व अन्य प्रसंस्करण इकाईयो हेतु | जैविक खेती उत्पादक कृषक | कृषक उत्पादक संगठन/ कम्पनी | अनु.जाति | अनु.जन. जाति | सामान्य |
| 1 | D रिक्त भूखण्ड दुकान मय गोदाम मय प्लेटफॉर्म | 18'.6"'x85 | 1 | D-12 | - | - | - | - | - | | | D-12 |
| 2 | F रिक्त भूखण्ड दुकान मय गोदाम मय प्लेटफॉर्म | 18'.6"'x85 | 7 | F1F2F3F4F5F6F7F8F9 | F4,F5 | - | F6 | - | F2 | F3 | | F1,F7,F8,F9 |
| 3 | G रिक्त भूखण्ड दुकान मय गोदाम मय प्लेटफॉर्म | 18'.6"'x85 | 4 | G1G2G3G4G5G6G7G8G9 | G9 | G3 | | G5 | - | G8 | G7 | G1,G2,G4, G6 |

2. गौण मण्डी प्रांगण, खिंवाडा

| क्र. सं. | ब्लॉक संख्या | साईज | संख्या | रिक्त दुकान मय गोदाम नं. व भूखण्ड नं. | आरक्षण का विवरण | | | | | अनुज्ञापत्रधारी व्यवसाईयों हेतु | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | सामान्य कृषक | अनु. जाति कृषक | कृषि प्रसंस्करणकर्ता व अन्य योग्य व्यक्ति फर्म | जैविक खेती उत्पादक कृषक | कृषक उत्पादक संगठन/ कम्पनी | अनु.जाति | अनु.जन. जाति | सामान्य |
| 1 | A रिक्त दुकान मय प्लेटफॉर्म | 10'.3"'x46'.03" | 10 | A1,A2,A3,A4,A5,A6,A7,A8,A9,A10 | A6 | A7 | A1 | A4 | - | A5 | A10 | A2,A3,A8, A9 |

गौण मण्डी खिंवाडा फुटकर दुकान

| क्र. सं. | ब्लॉक संख्या | साईज | संख्या | रिक्त भूखण्ड फुटकर दुकानो हेतु | अनु.जाति | जैविक उत्पाद विक्रय हेतु | कृषि स्नातक हेतु | सामान्य वर्ग हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B | 10'x15' | 5 | B1,B2,B3,B4,B5, | B2 | B5 | B1,B4 | B3 |

(i) कृषि जिंसो के व्यवसाय हेतु मुख्य मण्डी यार्ड रानी मे चिन्हित रिक्त भूखण्ड एंव गौण मण्डी खिंवाडा मे निर्मित दुकानो वर्णित भूखण्डों एंव दुकानो का द्वितीय/पश्चात्वर्ती चरण हेतु निर्धारित दर एवं प्रक्रिया अनुसार आवंटन सर्वप्रथम हेतु ऐसे अनुज्ञापत्रधारियों को जो 31.03.2019 से पूर्व के अनुज्ञापत्रधारी है तथा वर्तमान तक निरन्तर कार्यरत हो को आवंटन किया जावेगा।

(ii) प्रथम वरीयता के अनुज्ञप्तिधारी आवंटन से शेष नहीं रहने पर द्वितीय वरीयता पर ऐसे अनुज्ञप्तिधारी आवेदकों को आवंटित किये जावेगें जो विज्ञप्ति जारी होने के ठीक पूर्व के तीन पूर्ण वित्तीय वर्षों में व्यवसायरत हो को द्वितीय चरण हेतु निर्धारित आरक्षित दर की डेढ़ गुना राशि पर एवं प्रक्रिया अनुसार आवंटन किया जावेगा।

(iii) बिन्दु (i) व (ii) के समस्त पात्र अनुज्ञप्तिधारी आवेदकों को आवंटन पश्चात् दुकान भूखण्ड रिक्त रहने की दशा में शेष समस्त अनुज्ञापत्रधारी आवेदक जो विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के अनुज्ञप्तिधारी है को आरक्षित दर की दो गुना दर का भुगतान करने पर द्वितीय चरण हेतु निर्धारित प्रक्रिया अनुसार भूखण्डों का आवंटन किया जावेगा।

तालिका में वर्णित विवरणानुसार आरक्षित वर्गों के भूखण्डों का विवरण आवेदन पत्र में वर्णित किया गया है, सम्बन्धित आवेदक आवेदन पत्र को क्रय कर उसका भली-भांति अध्ययन कर आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरा जावेगा जो कॉलम संबंधित नहीं हो उसको काट

(x) किया जावें। यदि आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि या कमी पूर्ति पाये जाने की दशा में आवेदन रद्द समझा जावेगा।

अनुज्ञापत्रधारीयो हेतु आवंटन हेतु दुकान/भूखण्डो मे से 10 प्रतिशत भूखण्ड अन्य मण्डी के अनुज्ञापत्रधारियो को आवंटन किये जा सकेगें। किन्तु आवेदन प्राप्त नही होने की दशा मे स्थानीय आवेदको को ही आवंटन किया जा सकेगा।

अतः उपरोक्त इच्छुक अनुज्ञापत्रधारी/फर्म तथा कृषक/जैविक खैती के उत्पादक कृषक/कृषि जिन्स प्रसंस्करणकर्ता/कृषक उत्पादक संगठन आदि पात्र उल्लेखित आवंटन हेतु आवेदन पत्र मय शर्तो सहित देय शुल्क 200/- रूपये रोकड जमा करवाए जाकर दिनांक 08.09.2025 से इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त किये जा सकेगे। आवेदन पत्र की आवश्यक प्रतिभूर्ति मय वाँछित दस्तावेजों के एवं निर्धारित धरोहर राशि रू 20,000/-रूपये आवेदन पत्र के साथ बैकर्स चैक/ड्राफ्ट " सचिव कृषि उपज मंडी समिति रानी स्टेशन" के नाम से दिनांक 31.10.2025 को कार्यालय समय तक जमा करवाना अनिवार्य होगा। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ अपना बैक खाता संख्या/ बैक का नाम, आवश्यक रूप से अंकित करना होगा। उक्त आवंटन सम्बन्धित आवश्यक जानकारी मंडी समिति के मुख्य कार्यालय में कार्यालय समय में व्यक्तिगत उपस्थित होकर अथवा दूरभाष नम्बर 02934-222086 एवं वेबसाईट https://agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb पर एवं लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

उक्त विज्ञप्ति में किसी कारण वश वर्तमान आवंटन नीति के प्रावधानुसार भूखण्ड आरक्षण एवं गणना में कोई त्रुटि रह जाती है तो उसे आवंटन के समय नियमान्तर्गत निर्धारण कर दुरस्त किया जा सकेगा।

राज.संवाद/सी/25/99363 प्रशासक सचिव